## गांव मांडखेड़ी में चल रही तीन दिवसीय अमृतमयी शिव कथा का हुआ समापन

# नारी का सम्मान नहीं करने वाले कभी नहीं कर सकते तरक्कीः भारती

**कथा के समापन पर भंडारे का हुआ आयोजन, संस्थान की साध्वी रीतू भारती ने बताया नारी की महिमा का महत्व**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





यमुनानगर। गांव मांडखेड़ी में अमृतमयी शिव कथा के समापन पर श्रद्धालुओं को नारी की महिमा के महत्व को समझाते हुए भारती व श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गांव मांडखेड़ी में चल रही तीन दिवसीय अमृतमयी शिव कथा का समापन हो गया। कथा के समापन पर संस्थान की साध्वी रीतू भारती ने श्रद्धालुओं को नारी की महिमा के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से भगवान शिव का गुणगान कर सभी को भाव विभोर कर दिया। साध्वी रीतू भारती ने फरमाया कि जहां पर नारी का सम्मान नहीं किया जाता है वहां पर भूतों का वास हो जाता है। जो नारी का सम्मान नहीं करते हैं वह जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्र और समाज में स्त्रियों का आदर और सम्मान नहीं होता है वह कभी भी आगे नहीं बढ़ पाते हैं और पतन के भागी बन जाते हैं। साध्वी रीतू भारती ने माता सती के बारे में श्रद्धालुओं को बताया कि नारी का सम्मान नहीं होने पर माता सती ने अपने आपको यज्ञ में भस्मीभूत कर दिया था।

लेकिन उससे पहले उन्होंने भगवान शिव के चरणों में अगले जन्म में उन्हें ही पति रूप में प्राप्त होने के लिए प्रार्थना की। जिसके फलस्वरूप अगले जन्म में माता सती हिमालय के व मैना के यहां पुत्री रूप में जन्म लेती हैं। उनके जन्म लेने पर सारा हिमालय नगर आनंद के सागर में डूब गया। साध्वी ने बताया कि पुत्री के जन्म लेने से उनके माता पिता की प्रसन्नता की कोई सीमा नहीं रही। परंतु आज के परिवेश में पुत्री को जन्म लेने से पहले ही मां के गर्भ में दफना दिया जाता है। वह कन्या जिसे भारत भूमि पर लक्ष्मी का रूप कहा जाता है और नवरात्रों में नन्हीं नन्हीं कन्याओं की पूजा होती है। आज उसी नारी को जन्म लेने का भी अधिकार नहीं दिया जाता है। साध्वी रीतू भारती ने कहा कि वह देश विकास कैसे करेगा जहां कन्याओं की मां के गर्भ में ही हत्या कर दी जाती है।

साध्वी ने फरमाया कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि मेरे भारत देश में नारी, पूजा प्रार्थना और सम्मान के योग्य है। क्योंकि प्रार्थना से विश्व की एक नयी आत्मा का प्रादुर्भाव होता है। यह आत्मा ही किसी राष्ट्रीय गौरव को विकसित किया है। जो देश या राष्ट्र स्त्रियों का आदर नही करते हैं वह कभी आगे नहीं बढ़ पाते हैं। हमारे देश के वर्तमान पतन का मुख्य कारण है कि हम ने शक्ति को इस सजीव प्रतिमाओं के प्रति आदर की भावना नही रखी।

### जहां नारी को पूजा जाता है वहां देवताओं का निवास होता है

मनुस्मृति में मनु जी भी कहते हैं कि जहां नारी को पूजा जाता है वहां देवताओं का निवास होता है। जहां नारी का सम्मान नहीं वहां भूतों का निवास होता है। इसलिए पुत्री ही कुल का तारक है जैसी धारणाओं का त्याग करो। उन्होंने श्रद्धालुओं को समझाया कि वह अपनी बेटी को बेटे के समान ही प्यार दें और संस्कार दें। क्योंकि संस्कारी संतान ही माता पिता का नाम रौशन कर सकती है। कथा के समापन पर साध्वी बहनों ने मधुर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। इसके बाद आरती का आयोजन हुआ और बाद में भंडारा बरताया गया।

# वर्तमान शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन पर कार्य कर रहा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः हेमराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। पेपर मिल परिसर में आरएसएस द्वारा आयोजित शताब्दी शंखनाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ यमुनानगर शाखा द्वारा शहर के पेपर मिल ग्राउंड में शताब्दी शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में संघ के हेमराज ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता गंगाराम मेडिकल कॉलेज दिल्ली के डायरेक्टर डॉ. अश्वनी मेहता ने की।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने युद्ध, दंड युद्ध, पद विन्यास, आसन्न, खेल, योगासन व घोष आदि गतिविधियों का प्रदर्शन किया। मौके पर संघ की गतिविधियों धर्म जागरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, गऊ सेवा व ग्राम विकास आदि की प्रदर्शनी लगाई गी। मुख्य वक्ता संघ के हेमराज ने स्वयंसेवकों को बताया कि 1925 में विजय दशमी के दिन संघ की स्थापना हुई थी। संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि संघ की स्थापना के दौरान डॉक्टर केशवराव बलिराम हेडगेवार ने 16 युवाओं को प्रशिक्षण देकर संघ कार्य विस्तार के लिए देश के अलग अलग राज्यों में भेजा था। जिन्होंने अनेक कष्ट सहकर संघ कार्य का विस्तार किया। वर्तमान में लगभग 72 हजार स्थानों पर संघ की शाखाएं लगती हैं। भारत के बाहर 35 देशों में संघ का कार्य है।



## प्रधानमंत्री के प्रश्नपत्र को हल करने के तरीके को सुन गदगद हुए विद्यार्थी

**राादौर।** गुरूकुल खरकाली में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा की। कार्यक्रम में सीधे प्रसारण से गुरुकुल खरकाली के विद्यार्थियों समेत अध्यापक मौजूद रहे। प्रधानाचार्य आशा चौधरी ने बताया कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पढ़ाई व परीक्षा की तैयारी के संबंध में छोटे छोटे उदाहरण के माध्यम से परीक्षा के टिप्स दिए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शिक्षा के प्रश्न पत्र हल करने का तरीका बताया। साथ ही उन्होंने जोर देते हुए बताया कि निर्णय लेने की क्षमता बहुत जरूरी है। प्रधानाचार्य आशा चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम की उपरांत विद्यार्थियों में पूर्ण आत्मविश्वास देखने को मिला।

## स्कूल यूनिफॉर्म में परीक्षा दें सकेंगे विद्यार्थी

**यमुनानगर।** सीबीएसई बोर्ड की दसवीं व बारहवीं कक्षाओं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरु हो रही हैं। इन परीक्षाओं के लिए सीबीएसई ने गाइडलाइन जारी कर दी है। गाइडलाइन के अनुसार दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए अपने स्कूल की यूनिफॉर्म पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना होगा। सीबीएसई की गाइडलाइन के अनुसार रेगुलर विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में अपने स्कूल की यूनिफॉर्म पहन कर परीक्षा देंगे। वहीं, प्राइवेट स्टूडेंट को सीबीएसई ने हल्के व साधारण वस्त्र पहनने की सलाह दी है। इसके अलावा गाइडलाइन के अनुसार वॉलेट, चश्मा, हैंडबैक व पाउच आदि को लेकर परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति नहीं होगी। स्टेशनरी आइटम व खाने पीने की चीजें भी परीक्षा केंद्र में ले जाना मना है।

## खबर संक्षेप

### लाइव स्क्रीनिंग प्रसारण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सुने प्रधानमंत्री के विचार

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का स्क्रीनिंग पर सीधा लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लाइव स्क्रीनिंग पर परीक्षा को लेकर विस्तार से प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए विचारों को विद्यार्थियों ने अपना ज्ञानवर्धन किया। कॉलेज में लाइव स्क्रीनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी परीक्षाओं की तैयारी करने और जीवन में सफल होने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और प्रेरणा वर्धक जानकारी दी गई।

### नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी के गुप्ता पैलेस के नजदीक स्थित दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने पांच हजार रुपये तथा हजारों रुपये का अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव महलावाली निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जगाधरी के गुप्ता पैलेस के पास बाइक रिपेयर की दुकान है। वह 9 फरवरी को सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे शटर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से पांच हजार रुपये, बाइक की चार बैंटरी, बैंटरी चार्जर, फोन व अन्य सामान गायब मिला।

# अनिता मेहता बनी आल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की विधानसभा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष

- बैठक में कम्युनिटी की रादौर विधानसभा कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रादौर में कम्युनिटी की कार्यकारिणी में नियुक्त किए गए नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए सदस्य। फोटो: हरिभूमि

आल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सदस्यों की रादौर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कम्युनिटी की रादौर विधानसभा कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कम्युनिटी के जिला अध्यक्ष ईश्वर झांब ने बताया कि कम्युनिटी की रादौर विधानसभा कार्यकारिणी में अनिता मेहता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया।

वहीं, कमल चोपड़ा को महासचिव, नीलम गिलहोत्रा को कोषाध्यक्ष, बबीता बजाज को उप कोषाध्यक्ष, डॉ. अनु रानी ग्रोवर, दीप शिखा अरोड़ा को सचिव, मीनू बत्तरा को ऑडिटर, आरती परुथी, अनिता झांब, संगीता मेहता व सीमा रानी चावला को सलाहकार नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष ईश्वर झांब व विधानसभा अध्यक्ष अशोक गुंबर ने फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिता मेहता ने अपनी नियुक्ति के लिए संगठन के उच्चाधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है वह उसका पूरी जिम्मेदारी से निर्वाहन करेंगी।

# नए विद्यार्थियों का पुष्प भेंटकर किया स्वागत

- बीपीटी प्रथम वर्ष व एमपीटी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए धूमधाम से मनाया फ्रेशर डे समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी में आयोजित फ्रेशर डे समारोह में विभिन्न टाइटल से नवाजे गए विद्यार्थी स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए। फोटो: हरिभूमि

टीडीटीआर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी यमुनानगर में सोमवार को फ्रेशर डे समारोह का उल्लासपूर्वक आयोजन किया गया। समारोह में नए सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने वाले बीपीटी प्रथम वर्ष व एमपीटी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में डीएवी स्कूल के चेयरमैन विजय कपूर ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. हिमांशु शेखर ने की। मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक समेत विभिन्न गतिविधियों में प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। समारोह के शुभारंभ पर सबसे पहले फिजियोथेरेपी के स्नातक व फिजियोथेरेपी में मास्टर डिग्री के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान समारोह में द्वितीय व प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर विद्यार्थियों को मिस्टर फ्रैसर व मिस प्रैशर समेत विभिन्न खिताबों से नवाजा गया।

### स्व. जेएन कपूर को श्रद्धांजलि दी

मौके पर उन्होंने संस्थान के संस्थापक स्व. जेएन कपूर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1997 से विकलांग लोगों के पुनर्वास और उनकी पीड़ाओं को कम करने के साथ साथ इस क्षेत्र में फिजियोथेरेपिस्ट तैयार करने के उद्देश्य से उत्तर भारत में हरियाणा का पहला फिजियोथेरेपी संस्थान है। उन्होंने कहा कि समारोह आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों का मैत्रीपूर्ण माहौल में स्वागत करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए उनके रचनात्मक आवेगों को प्रोत्साहित करना रहा। डॉ. हिमांशु शेखर ने कहा कि यह वह दिन है जब सीनियर और जूनियर अंततः एकजुट होते हैं और कॉलेज का हिस्सा बनने का जश्न मनाने के लिए एकजुट होते हैं।

# बच्चों के साथ शिक्षक भावनात्मक तरीके से जुड़कर करें उन्हें शिक्षितः नायर

- होली मदर पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय कपैसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में कपैसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

होली मदर पब्लिक स्कूर यमुनानगर में सीबीएसई के तत्वावधान में हैल्थ एंड वेलनैस विषय पर चल रहे दो दिवसीय कपैसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया।

समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में ओरबिंदो पब्लिक स्कूल बद्दी (हिमाचल प्रदेश) की प्रिंसीपल अनिला नायर व मुकंदलाल पब्लिक स्कूल की प्रिंसीपल सीमा कटारिया ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने की। मुख्य वक्ता अनिला नायर ने कार्यक्रम में शिक्षकों को बच्चों की शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, स्वच्छता व बच्चों के साथ इन्टरपर्सनल रिलेशनशीप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों को समझाया कि बच्चों की अलग अलग परेशानियों के साथ शिक्षक को भावनात्मक तरीके से कैसे जुड़ना है। ताकि उनकी परेशानियों का हल निकल सके। अनिला नायर व सीमा कटारिया ने शिक्षकों को बहुत ही अच्छे तरीके से शिक्षित किया।

### अतिथियों का किया स्वागत

स्कूल के प्रशिक्षण प्रभारी डीके पांडे व कार्यक्रम निदेशक भानू प्रताप ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षको के लिए बहुत ही प्रभावशाली है। शिक्षकों को इससे शिक्षा संबंधी नई नई तकनीको के बारे में बताया जाता है जिससे वे अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार ला सकें। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने अतिथियो व मुख्य वक्ताओं को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पुष्प वर्षा कर किया शोभायात्रा का स्वागत

- शोभायात्रा का खालसा कॉलेज मार्ग स्थित गुरु रविदास मंदिर की श्री गुरु रविदास मंदिर कमेटी द्वारा किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। शोभायात्रा निकालते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में शहर के खालसा कॉलेज मार्ग स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर की श्री गुरु रविदास मंदिर कमेटी द्वारा नगर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ कमेटी के प्रधान जनता राम ने किया। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मौके पर रास्ते में श्रद्धालुओं को फल, जलपान व मिष्ठान भेंट किया गया। मंदिर कमेटी के प्रधान जनता राम ने बताया कि शोभा यात्रा श्री गुरु रविदास मंदिर से शुरु होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई।उन्होंने कहा कि मंदिर कमेटी द्वारा हर वर्ष संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा व भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा का आयोजन करने का मुख्य उदेश्य आपसी भाईचारा स्थापित करना रहता है। जनता राम ने कहा कि संत गुरु रविदास की शिक्षाएं हमेशा ही लोगों को प्रेरणा देती रही हैं। उन्होंने हमेशा समाज की बुराइयों को समाप्त करने की आवाज उठाई और समाज की एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास किसी एक विशेष जाति के गुरु नहीं हैं।

# नगर निगम ने बस स्टैंड, पार्क व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वाल पेंटिंग कर दिया स्वच्छता का संदेश

- स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ शहर का सुंदरीकरण कर रहा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




यमुनानगर। नगर निगम द्वारा की गई वाल पेंटिंग। फोटो: हरिभूमि

शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए नगर निगम द्वारा बस स्टैंड, पार्क व अन्य सार्वजनिक स्थानों की दीवारों पर वाल पेंटिंग की जा रही है। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल स्थान पर लाने व सुंदरीकरण के लिए यह कार्य किया जा रहा है। पेंटिंग से जहां भद्दी दीवारें सुंदर बन रही है वहीं स्वच्छता संबंधित स्लोगन व चित्रों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने बताया कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नगर निगम आयुक्त आयुष सिंहा के निर्देशों पर निगम द्वारा सरकारी भवनों, बस स्टैंड, पार्कों व स्कूलों की दीवारों, बाउंड्रीवाल व सार्वजनिक स्थलों पर पेंटिंग की जा रही है। यहां स्वच्छता का संदेश देने वाले चित्र, स्लोगन बनाए जा रहे हैं। इसमें पॉलिथीन का उपयोग छोड़ो, पर्यावरण से नाता जोड़ो, कूड़ा डालने के लिए हमेशा कूड़ेदान का प्रयोग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें, पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें।

## जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान

- उपायुक्त ने की समस्या समाधान शिविर की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में सोमवार को समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने शिविर में पहुंची अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया। शेष को संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिलास्तर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंचायतों से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडलस्तर पर तथा नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए नगर निगम कार्यालयों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### समाधान शिविर का लाभ उठाए जाने की अपील

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जिलावासियों से अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में आकर रखने और उनका त्वरित समाधान पाकर इसका लाभ उठाए जाने की अपील की। मौके पर शिविर में उपायुक्त के निर्देश पर विश्वकर्मा मोहल्ला यमुनानगर निवासी दस वर्षीय दिव्यांग लड़की गौरी के जन्म प्रमाण पत्र को दुरुस्त करवाया गया। इस अवसर पर नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीएसपी कवलजीत सिंह व डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### स्वयंसेवकों ने साइंस म्यूजियम का किया भ्रमण

**थानेसर।** भगवान परशुराम कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय कैंप के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिससे न केवल उनका ज्ञानवर्धन हुआ बल्कि उनके व्यक्तित्व का भी समग्र विकास हुआ। प्रोग्राम ऑफिसर वासवदत्ता एवं डॉ सुषमा वशिष्ठ के नेतृत्व में सुबह की शुरूआत कॉलेज प्रांगण में सामूहिक व्यायाम और समूह गान से हुई, जिससे स्वयंसेवकों में ऊर्जा और टीम भावना का संचार हुआ। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने पैनोरमा साइंस म्यूजियम का भ्रमण किया, जहां उन्होंने विज्ञान संबंधी विभिन्न गतिविधियों को विस्तार से समझा।



### विपरित स्थिति में रह रहे बच्चों को शिक्षा देना लक्ष्य

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान का लक्ष्य विपरित स्थितियों में रह रहे बच्चों को शिक्षा देना रहा है। सीमावर्ती क्षेत्र, नक्सली क्षेत्र, पहाडी क्षेत्र जंहा पर सरकारी विद्यालय भी नहीं है वंहा के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का प्रयास विद्या भारती द्वारा किया जा रहा है। देशभर में ऐसे लगभग 13000 विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं इन विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। ये विचार ऋषिराज वशिष्ठ, अध्यक्ष, हिन्दू शिक्षा समिति ने भारती भवन में प्रांत कार्यकारणी, पूर्णकालिक कार्यकर्ता एवं कर्मचारियों के समर्पण कार्यक्रम में रखे।



### केयूके स्पार्टन टीम के उपकप्तान ने जड़ा शतक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में केयूके गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैचों में रविवार को एडमिन प्लेयर्स केयूके व केयूके स्पार्टन के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एडमिन प्लेयर्स की टीम ने 20 ओवर में 151 रन बनाए जिसमे नारायण शर्मा ने 6 चौके व 2 छक्के के साथ 60 रन व सुमित ने 30 रन बनाए। वहीं स्पार्टन टीम की ओर से रामेश्वर दास, सुशील यादव व कप्तान हरीश गैरोला ने 2-2 तथा अशोक थापा ने 1 विकेट लिया।

### विकास कार्य की निगरानी जरूरी : कंवलजीत कौर

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद कुरुक्षेत्र की देखरेख में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों से विभिन्न स्कीमों से चल रहे कामों की रिपोर्ट ली गई। इस दौरान जिला परिषद की चेयरपर्सन ने विकास कार्यों की निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ साथ पार्षद, सरपंच, पंच आदि को शामिल करके कमेटी बनाने के आदेश दिए है।

## प्रधानमंत्री ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दिए सफलता के टिप्स

# नवयुग विद्यार्थियों में छात्रों ने देखा परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा नवम से द्वादश के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा पर पीएम मोदी की परीक्षा पर चर्चा 2025 का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम का प्रसारण 11 बजे आरंभ हुआ। छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री मोदी ने अहम टिप्स दिए। एग्जाम प्रेशर, स्ट्रेस, टाइम मैनेजमेंट सहित कई विषयों पर की बात की। प्रधानमंत्री की क्लास में आज स्टूडेंट्स ने कई महत्वपूर्ण सबक सीखे। बच्चों के साथ बात करते हुए प्रधानमंत्री ने बहुत सहज-सरल अंदाज में उन्हें जीवन की बड़ी और अहम बातें बताई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने उनसे सवाल पूछे, अपने मन की बातें शेयर की और ये भी बताया कि उन्हें स्कूल और घर में किस तरह के प्रेशर और अपेक्षाओं से गुजरना पड़ता है। साथ ही, अपनी हॉबी और दोस्तों को लेकर भी बात की। इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने बच्चों को पढ़ाई के अलावा स्वास्थ्य, पर्यावरण और प्रकृति जैसे कई अन्य मुद्दों पर भी जागरूक किया। कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों को परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। प्रधानमंत्री ने छात्रों के साथ हंसी मजाक करते हुए दोस्ताना लहजे में बात की और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए।छात्रों के सवालों के जवाब देते हुए, उनसे बात करते हुए पीएम मोदी ने सबसे पहले संतुलित आहार और पर्याप्त नींद के महत्व के बारे में बताया और कहा कि ये चीजें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। इसी के साथ उन्होने नियमित रूप से सूर्य स्नान करने यानी सूर्य की रोशनी में कुछ समय बिताने और गहरी सांस लेने के महत्व के बारे में भी बताया। इस दौरान बच्चों ने अपनी रुचियों के बारे में भी बात की। किसी ने कविता सुनाई तो किसी ने बताया कि डांस उन्हें कितना रिलेक्स करता है। इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से पर्यावरण को लेकर जागरूक रहने की शिक्षा भी दी।



### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बना सफलता का मार्ग

**कुरुक्षेत्र।** विवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में दिए गए वक्तव्य से परीक्षार्थियों के लिए सफलता का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम न केवल परीक्षार्थी, विद्यार्थी बल्कि शिक्षकों सहित आमजन के लिए भी प्रभावशाली एवं लाभदायक है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ह्लपरीक्षा पे चर्चाह्न 2025 कार्यक्रम में पीएम ने बच्चों को को परीक्षा के समय तनाव से बाहर निकलने का मंत्र दिया। इसके साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को हेल्थ टिप्स देते हुए सूर्य स्नान तथा मिलेट्स की महत्ता भी बताई। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2025 को लाइव टेलिकास्ट के माध्यम से कुरुक्षेत्र विवि के कमेटी रूम में कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।



### योजना बनाकर करें परीक्षा की तैयारी : ममता सचदेवा

**कुरुक्षेत्र।** प्रत्येक छात्र के चेहरे पर हमेशा मुस्कान होनी चाहिए। शांत रहकर धैर्य से कड़ी मेहनत करते हुए योजना बनाकर छात्रों को परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। हम गीता की भूमि पर खडे हैं इसलिए छात्रों को अपना कर्म पूरी ईमानदारी से करना चाहिए और फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। शिक्षा का अर्थ अंक प्राप्त करना नहीं होता बल्कि एक अच्छा इंसान बनना होता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा ने सोमवार को यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में आयोजित आशीर्वाद समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया था। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल व प्रधानाचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह ने उनका स्वागत किया।



### नपा कर्मचारी संघ थानेसर शाखा के प्रधान बने दीपक

**कुरुक्षेत्र।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की शाखा थानेसर का चुनाव नगर परिषद के कार्यालय में गुरुचरण दरोगा की अध्यक्षता में नगर पालिका कर्मचारी संघ के महासचिव मांगेराम तिगडा व उप प्रधान सुभाष गुस्सर की अध्यक्षता में हुआ। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें नगर पालिका कर्मचारी संघ के थानेसर शाखा का प्रधान दीपक चारण को चुना गया। इसके अलावा सुरेश बंगनिया को उप प्रधान, जसबीर मलिक को उप प्रधान, किशोरी सौदा को वरिष्ठ उप प्रधान, सुनील लोहट को सचिव, सदेश को सह सचिव, नीरज चारण को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मुख्य सलाहकार में सुभाष चंद दरोगा, आशा देवी, संतोषी देवी, सुभाष गुस्सर, गुरचरण दरोगा, सतीश दरोगा को शामिल किया। प्रैस सचिव समित, करण, संगठन सचिव सागर मलिक व ऑडिटर रामलाल को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में रामधारी, प्रदीप, अमित, राम प्यारी, गुडडी, सन्नी, लाजो, राकेश दरोगा, सुरेंद्र दरोगा, संजय, सुरेश व बनारसी शामिल रहे।



### श्रीकृष्ण-अर्जुन मंदिर में मनाया नित्यानंद त्रयोदशी महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** ज्योतिसर स्थित इस्कॉन के श्रीकृष्ण-अर्जुन मंदिर में सोमवार को नित्यानंद त्रयोदशी महोत्सव इस वर्ष भी अत्यंत धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। उत्सव की शुरूआत भक्तों के जोशीले हरिनाम संकीर्तन से हुई, जिसने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद भगवान श्री गौर-निताई का भव्य अभिषेक किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पुष्प और जल से भगवान का पूजन किया। कथा के दौरान साक्षी गोपाल प्रभुजी ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भौतिक शिक्षा जीवन के अंतिम क्षणों में कोई सहारा नहीं देती, जबकि भक्ति मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति, यदि वह चांडाल भी हो, तब भी शुद्ध और पवित्र बन सकता है। प्रभु जी ने बताया कि प्रभुपाद जी कहां करते थे कि इस संसार में सभी दुखी है किसी के जीवन में शांति नहीं है अगर आप मनुष्य योनि प्रकार भगवान नित्यानंद प्रभु जी के चरणों की शरणागति लेते हो तो आपके जीवन में शांति आ सकती है। भगवत प्राप्ति ही इस मनुष्य जीवन का मुख्य लक्ष्य है जब कोई व्यक्ति भक्तों के साथ बैठकर भगवान श्री कृष्ण के रूप, गुण, लीलाओं की कथा सुनता है उसे भक्ति मिलती है।

# निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से करवाने को लेकर प्रशासन तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आदेशानुसार नगर निकाय के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए थानेसर, इस्माइलाबाद और लाडवा में चप्पे-चप्पे पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इन तीनों नगर निकायों में किसी भी व्यक्ति को आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना नहीं करने दी जाएगी। सभी को चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन का सहयोग करना होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि थानेसर नगर परिषद में अध्यक्ष पद व पार्षद पद के आम चुनाव होंगे जबकि इस्माइलाबाद नगरपालिका में अध्यक्ष पद और लाडवा नगरपालिका के वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए चुनाव होने है। इन तीनों जगहों पर 2 मार्च को मतदान होगा तथा 12 मार्च को मतगणना का कार्य होगा। इन चुनावों के लिए प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया 11 फरवरी से 17 फरवरी तक जारी रहेगी।

### मतदान से 3 दिन पहले से होगी वाहनों की चैकिंग

हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की तरफ से पुलिस विभाग को हिदायत जारी की गई है कि चुनावों से पहले और मतदान के दिन तक पुलिस प्रशासन की तरफ से ट्रक, लॉरी और अन्य वाहनों की नियमित रूप से निरंतर चेकिंग करनी होगी। इस चैकिंग के दौरान अगर कोई असला, शराब या अन्य अवैध पदार्थ पाए जाते है तो उनको कब्जे में लेकर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। चुनाव आयोग ने हिदायत जारी की है कि नगर निकाय के चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष सम्पन्न करवाने के लिए मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर पूर्णतया रोक रहेगी। इसलिए समय रहते पुलिस प्रशासन की तरफ से ट्रैफिक पुलिस से सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाए।

# मोदी की परीक्षा पे चर्चा से बढ़ा छात्रों का आत्मविश्वास

- परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के लाखों छात्रों को समर्पित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से जहाँ छात्रों ने परीक्षाओं को लेकर मानसिक दवाब कम हो रहा है वहीं उनके मनोबल में काफी वृद्धि अनुभव की जा रही है। परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में आज पीएम मोदी ने छात्रों से परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। दूरदर्शन पर प्रसारित इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट गुरुकुल के छात्रों को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया जिसमें निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार व प्राचार्य सूबे प्रताप भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि परीक्षा के समय मन को स्थिर रखें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी। तनाव को दूर करने के लिए योजनाबद्ध होकर स्टडी करें और तनाव से दूर रहने के लिए ग्राउंड पर पसीना बहाएं। नेतृत्व क्षमता को विकसित करके अपने आत्मविश्वास को बढ़ाएं। पढ़ाई करते समय विषय को लिखने की आदत डालें, इससे कल्पना शक्ति का विकास होगा। परीक्षा नजदीक आने पर पढ़ाई पर फोकस कैसे करें, इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करें। परीक्षा पे चर्चा में पीएम मोदी ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की किसी से तुलना न करें, बच्चों की क्षमता, योग्यता और अभिरूचि के अनुसार भविष्य का चुनाव करने दें।



### श्रीकृष्ण कथा के उपलक्ष्य में संध्या फेरी का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 18 फरवरी से 24 फरवरी 2025 तक प्रोफेसर कॉलोनी नरकातारी, रोड, थानेसर में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा होने जा रही है। जिसका समय प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। इसी के उपलक्ष्य में इलाका निवासियों को कथा का निमंत्रण देने के लिए संध्या फेरी का आयोजन किया गया। संध्या फेरी का शुभारम्भ नजदीक खेड़ा मंदिर दीदार नगर से प्रभु के पावन पूजन एवं नारियल फोड़ कर किया गया। जिसमें प्रभु श्रीकृष जी की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तों ने वातावरण को कृष्णमयी बना दिया। इस अवसर पर दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सत्या भारती ने कहा कि आपके क्षेत्र में सात दिन तक चलने वाले श्रीकृष्ण कथा ज्ञानयज्ञ में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास भागवत भास्कर साध्वी सुश्री सौम्या भारती जी अपनी संत मंडली सहित पधार रही हैं।

# पांच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकटोत्सव का भंडारे के साथ होगा भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य में गांव धनीरामपुरा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ के चौथे दिन विशेष रूप से महंत चमन गिरी, स्वामी अमर पुरी, स्वामी भोला पुरी, स्वामी शिवदयाल पुरी, स्वामी परमानंद पुरी, स्वामी खटवांग पुरी सहित अनेक गण्यमान्यजनों ने पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञाचार्य डा. अभिषेक कुश की अगुवाई में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ महायज्ञ में आहुतियां डालने का क्रम जारी रहा। प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज ने मनुष्य जन्म को सार्थक करने के लिए श्रेष्ठ कर्म करने और प्रभु की भक्ति को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष इस यज्ञ का आयोजन देश में शांति व विकास को लेकर ओर लोकभलाई के लिए किया जाता है। मंदिर के महंत भीम पुरी ने बताया कि आज 11 फरवरी मंगलवार को मां बगलामुखी प्रकटोत्सव महायज्ञ पूणार्हुति, कन्या पूजन, संतों के प्रवचन एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा।






### एड्स और एचआईवी के प्रति किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के एनएसएस इकाई तीन के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन में डॉ. बलविंदर चौधरी और डॉ. निशा उपस्थित रहे। डॉ. बलविंदर जी ने स्वयंसेवकों को एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एचआईवी क्या होता है और यह कैसे फैलता है, वो कौन से कारण हैं जिनसे एचआईवी एड्स होता है। आगे उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स छूने, एक दूसरे के कपड़े पहनने साथ में खाना खाने से नहीं होता बल्कि असुरक्षित यौन संबंध बनाने, डॉक्टर्स द्वारा एक ही सुई से कई मरीजों का इलाज करने और उसका उपयोग करने से, और दो या अधिक ड्रग एडिक्ट्स द्वारा भी बहुत बार एक ही सिरिंज का उपयोग करने, एचआईवी पॉजिटिव माँ से बच्चे को होता है। उन्होंने आगे बताया कि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने वाली बीमारी है और असल में एक बीमारी ना होकर बहुत सारी बीमारियों के लक्षणों का समूह होता है जो धीरे धीरे आपकी प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देती है और धीर धीरे शरीर को कमजोर कर देती है। इस मोके डॉ. निधि माथुर और सभी स्वयं सेवक मौजूद रहे।



### टी विद गुदगुदी/सुर संध्या कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह,कुरुक्षेत्र की खण्ड इस्माईलाबाद शाखा द्वारा रोशनपुर रोड़ स्थित शर्मा मार्केट में /"टी विद गुदगुदी/सुर संध्या/" कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सदस्य रजत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की मेजबानी इस्माईलाबाद प्रभारी चंद्रप्रकाश शर्मा ने की। कार्यक्रम में सर्व धर्म समाज कल्याण सोसाइटी अम्बाला के चेयरमैन राष्ट्रपति अवार्डी राजेंद्र कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुनील वत्स विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने की। दोनों अतिथियों सहित अम्बाला के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम, प्रहलाद भगत शर्मा, जयनारायण दीक्षित एडवोकेट और सतीश कौशल आदि सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात श्री गणेश,मां सरस्वती और गुरु वंदना हुई और सभी सदस्यों ने कुशलक्षेम वार्ता के साथ-साथ गुदगुदी जंक्शन द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान चंद्रमौलि गौड़ ने कहा कि गुदगुदी समूह आज व्यस्त जिन्दगी में लोगों को तनाव से मुक्ति दे रहा है। समूह द्वारा मनोरंजन के साथ-साथ दोस्ती बढ़ाने के अलावा सुख-दुःख भी सांझा किया जाता है। कार्यक्रम में 10 गायकों ने अपनी मधुर आवाज में भजन,देशभक्ति और मनोरंजक गीतों से समां बांधा।

### स्थापना दिवस पर खेल मेले का किया आयोजन

**पिहोवा।** पिहोवा ब्लॉक में खंड स्तरीय खेल मेले का आयोजन जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में और खंड शिक्षा अधिकारी रामराज के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए स्कूल मुखिया ने सभी बच्चो को लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के बारे में बताया कि यह संस्था हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है और सभी स्कूलों में अकादमिक सहायता प्रदान करती है। संस्था के द्वारा समय समय पर शिक्षक प्रशिक्षण और ळछट भी उपलब्ध करवाया गया है, बाल वाटिका के बच्चो के साथ जो कार्य हो रहा है उसकी सारी शिक्षण सामग्री और खिलोने दिए गये हैं जो कि बच्चो के सीखने में बहुत उपयोगी हैं। इस अवसर पर खेल मेले का आयोजन कर रहे हैं, जो कि निपुण हरियाणा कार्यक्रम को मदद करेंगा।

## किडजी स्कूल एवं किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल मनाया वार्षिक उत्सव

# वार्षिक उत्सव में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्वविद्यालय के भव्य सभागार में किडजी स्कूल एवं किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सृजनोत्सव 2025 का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा, समाजसेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, हरियाणा शुगर फेडरेशन के अध्यक्ष धर्मवीर डागर, हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, परमिंदर बाठ निदेशक एवं संचालक किडजी स्कूल एवं किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, प्रिंसिपल सुनीता सैनी समाज भवन के प्रधान गुरनाम सैनी, जी लर्न के वरिष्ठ अधिकारी सुमंत, सुप्रसिद्ध मंच संचालक डॉ. मोहित गुप्ता, प्रोफेसर आर.के. देशवाल पूर्व अध्यक्ष, फिलॉसफी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, वरिष्ठ पत्रकार सौरभ चौधरी, डॉ. कुलदीप आर्य धरोहर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, डॉ. तरसेम कौशिक जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं प्रधान हसला कुरुक्षेत्र, डॉ. करण सभ्रवाल, आनंद भारद्वाज, अश्विंदर सिंह प्रेसिडेंट, किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, राजेंद्र सैनी एवं डॉ. केवल कृष्ण प्रधान, ऑल अर्बन एस्टेट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए धार्मिक, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ रहीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं देशप्रेम का जीवंत प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक एवं संचालक परमिंदर बाठ ने सभी गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया और विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए इस वर्ष की उपलब्धियों एवं आगामी शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। समापन सत्र में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि बच्चों ने बहुत अच्छी प्रस्तुतियां दी। राष्ट्र के निर्माण में यह बच्चे अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि किडजी स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने बच्चों को सम्मानित किया और कहा, /"विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला भी है। यहां से निकले छात्र अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करते हैं।



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यातिथि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का स्वागत करते आयोजक।

